वनस्थली विद्यापीठ

36वाँ दीक्षान्त समारोह
20 सितम्बर, 2019
सूचना

1. **विद्यापीठ का 36वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार, दिनांक 20 सितम्बर, 2019** को आयोजित किया जा रहा है। इसमें विद्यापीठ की पीएच.डी. योग्य पाये गये दीक्षार्थियों एवं 2019 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की जायेंगी। इसके साथ ही योग्य प्रत्याशियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे।

2. उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं से दिनांक **16 सितम्बर, 2019** तक आयोजन में सम्मिलित होने की सूचना **मंत्री, वनस्थली विद्यापीठ** को लिखित में प्राप्त हो जानी चाहिए। **ऐसी किसी भी छात्रा को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जिसने निर्धारित समय में मंत्री, वनस्थली विद्यापीठ को सूचित नहीं किया है।**

3. दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाली प्रत्याशी को निर्धारित रंग के किनार की साड़ी एवं सफेद रंग का ब्लाउज पहनना अनिवार्य होगा। जो प्रत्याशी साड़ी क्रय करना चाहेंगी वे 2000/– रुपये नकद भुगतान कर साड़ी क्रय कर सकेंगी। जो प्रत्याशी साड़ी क्रय नहीं करना चाहेंगी वे 2000/– रुपये जमा करवाकर साड़ी ले सकेंगी, साड़ी लौटाने पर 200/– रुपये काटकर उन्हें 1800/– रुपये वापस कर दिये जायेंगे। **खादी के सफेद ब्लाउज की व्यवस्था स्वयं प्रत्याशी को करनी होगी।**

4. दीक्षान्त समारोह के अवसर पर पीएच. डी. पुरुष प्रत्याशी को सफेद खादी का कुर्त्ता एवं पायज़ामा पहनना अनिवार्य होगा। जिसकी व्यवस्था वे स्वयं करेंगे। महिला प्रत्याशियों को निर्धारित रंग के किनार की साड़ी एवं अंगवस्त्र विद्यापीठ द्वारा दिया जायेगा जिसकी राशि 2500/– रू उन्हें जमा कराने होंगे। पुरुष प्रत्याशियों को केवल अंगवस्त्र दिया जायेगा जिसकी राशि 500/– रू जमा करानी होगी। साड़ी व अंगवस्त्र वापस लौटाने पर क्रमशः 200/– रूपये व 100/– रूपये काट कर शेष राशि उन्हें लौटा दी जायेगी।

5. उपाधि पत्र एवं निर्धारित साड़ी/अंग वस्त्र दिनांक **19 सितम्बर, 2019 को अपराह्न 3.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे** तक **नव मंदिर** से प्राप्त किये जा सकते हैं।

6. **उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राएँ समारोह के आधा घंटा पूर्व दीक्षान्त समारोह पांडाल में निर्धारित स्थान पर अपना स्थान ग्रहण कर लेवें।**

आवश्यक नोट : 1. पीएच.डी. तथा स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों को अपनी सभी औपचारिकताएं 19 सितम्बर 2019 को सायं 7.00 बजे तक पूरी करनी होंगी। तत्पश्चात उन्हें उसी दिन समारोह हेतु बने पण्डाल में रात्रि 8.00 बजे पंहुचना अनिवार्य होगा जहां उपाधि/ पदक दिये जाने हेतु रिहर्सल होगा।

2. समारोह के दिन पीएच.डी. तथा स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों को आधा घंटा पूर्व दीक्षान्त समारोह पांडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना अनिवार्य होगा।

7. दीक्षान्त समारोह में उपस्थित प्रत्याशियों को सम्बन्धित संकाय के डीन द्वारा अध्यक्ष महोदय के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा जो कि उन्हें सम्बन्धित उपाधि से विभूषित करेंगे। अपने क्रम पर डीन द्वारा खड़े होने का निर्देश देने पर प्रत्याशी अपने स्थानों पर शांतिपूर्वक खड़ी हो जायेंगी और प्रस्तुतिकरण के बाद बैठ जायेंगी। **पीएच.डी. की उपाधि दीक्षार्थियों को व्यक्तिगत रुप से मंच पर दी जायेगी। इसी प्रकार स्वर्ण पदक व्यक्तिगत रुप से स्वयं छात्रा को मंच पर प्रदान किया जायेगा।**

8. साड़ी दिनांक **20 सितम्बर, 2019 को दीक्षान्त समारोह के पश्चात रात्रि 8.00 बजे** तक एवं **21 सितम्बर, 2019 को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे** तक लौटानी होगी। उसके बाद साड़ी वापस नहीं ली जायेगी।

9. **ऐसे प्रत्याशी जो किसी कारणवश दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने में असमर्थ हैं, अपनी उपाधि के लिये संलग्न आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 600/- रुपये के साथ पूर्णतया भरकर मंत्री, वनस्थली विद्यापीठ, पोस्ट वनस्थली विद्यापीठ 304022 को भेजें। ऐसे प्रत्याशियों को अनुपस्थिति में उपाधि (Degree in Absentia) मानते हुए उनकी उपाधि आवेदन पत्र में अंकित पते पर रजिस्ट्री द्वारा भेज दी जायेगी।**

10. दीक्षान्त कार्यक्रम **अपराह्न 1.00 बजे प्रारम्भ होगा।** यदि समय में कोई परिवर्तन होगा तो इसकी सूचना **19 सितम्बर, 2019** की रात्रि 8.00 बजे तक सूचना पट्टों पर लगा दी जायेगी।

डी. किशोर

(धर्म किशोर)
कार्यवाहक मंत्री